# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8755 / 2025 दिनांक:02 सितम्बर, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

## कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि **शासन / राजभवन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं का सम्पादन 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से प्रत्येक दशा में दिनांक: 30 अगस्त, 2025 तक पूर्ण किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्या: जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8720 / 2025, दिनांक:23 अगस्त, 2025 के निर्देश प्रदान किये गये थे, किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्त निर्धारित समयावधि तक प्रक्रियाएँ पूर्ण न करने की दशा में और उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रत्यावेदनों के सापेक्ष शासन / राजभवन से किये गये अनुरोध के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं (Registration & Addmission Granted) का सम्पादन 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से पूर्ण किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक: 08 सितम्बर, 2025 निर्धारित की जाती है।**

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं का सम्पादन 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से प्रत्येक दिशा में दिनांक: 08 सितम्बर, 2025 तक अनिवार्यरूपेण पूर्ण करना सुनिश्चित करें। **शासन / राजभवन द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 08 सितम्बर, 2025 के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी प्रवेश स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

*नोटः–'समर्थ पोर्टल' पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किये जाने से सम्बन्धित किसी भी समस्या हेतु डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, विश्वविद्यालय परिसर (मो0नं0– 8576015556) से सम्पर्क किया जाना समीचीन होगा।*

डॉ0(नीलमणि त्रिपाठी)
नोडल अधिकारी,
समर्थ पोर्टल
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
04. प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी'समर्थ पोर्टल', समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुक्रम में समयान्तर्गत यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
05. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु प्रेषित।
06. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव